## सार-समाचार

### किसानों के समर्थन में बाजार बन्द

**सायला ।** जवाई बांध के पानी मे जालोर जिले का हक निर्धारित करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ के जालोर कलेक्ट्रेट के सामने चल रहे महापडाव एवं प्रदर्शन के समर्थन में बुधवार को सायला व्यापार मंडल एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के आव्हान पर बाजार पूर्ण बन्द रहा।इस दौरान फल-सब्जी, दूध, किराणा आदि रोजमर्रा की आवश्यकता से जुटी सामग्री की दुकानो समेत सभी प्रकार की दुकानें बन्द रही। साथ ही दिन में कई बार ट्रैफिक जाम की समस्या का सामने करने वाला पुराना बस स्टैंड सुनसान नजर आया। बंद के तहत पुराना बस स्टैंड, पोस्ट ऑफिस रोड, ओटवाला रोड, नया बस स्टैंड, पंचायत समिति रोड पर सभी दुकाने बन्द रही। जिससे लॉकडाउन से जुडी यादें ताजा हो गयी। ज्ञातव्य है कि लॉकडाउन में भी बाजार बंद रहने से लोगो की चहल पहल नही होने के कारण बाजार सुने रहे थे।

### विवाद में युवक पर कातिलाना हमला

**जोधपुर,** । शहर के चौपासनी रोड स्थित एक पेट्रोल पंप के पास में युवक के साथ कुछ लोगों ने रास्ता रोककर मारपीट की। उस पर जानलेवा हमला किया गया, जिससे युवक जख्मी हो गया। उसका अस्पताल में मेडिकल करवाया गया। पुलिस ने इस बारे में नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खांडाफलसा पुलिस की तरफ से जांच की जा रही है।लाला लाजपत रॉय कॉलोनी 7वीं चौपासनी रोड निवासी प्रीतम पुत्र ओमप्रकाश की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि वह चौपासनी रोड स्थित निर्मल पेट्रोल पंप के पास से निकल रहा था। तब राहुल हंस उर्फ मोंटी, विक्की फाइटर, विष्णु सिंह आदि ने उसका रास्ता रोककर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला किया। इससे वह घायल हो गया। खांडाफलसा पुलिस ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### काव्य गोष्ठी आयोज्य

**जोधपुर,** । अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद के तत्वावधान में गांधी भवन में डॉ रामप्रसाद दाधीच प्रसाद स्मृति काव्य गोष्ठी का आयोजन 1 दिसंबर की शाम 4 बजे उनकी 98 वीं जयंती पर किया जाएगा। परिषद की महामंत्री और काव्य गोष्ठी संयोजिका डॉ पद्मजा शर्मा ने बताया कि काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार और शायर हबीब कैफी करेंगे। मुख्य अतिथि कवि और समीक्षक डॉ कौशलनाथ उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि कवि और समीक्षक डॉ गजेसिंह राजपुरोहित होंगे। डॉ इश्राकुल इस्लाम माहिर, ब्रजेश अम्बर, रेणु वर्मा, पूर्णिमा जायसवाल अदा, मधुर परिहार और कुलदीप सिंह भाटी इन 6 कवियों का काव्य पाठ होगा। पूर्णिमा जायसवाल अदा काव्य गोष्ठी का संचालन करेंगी।

### जिला स्तरीय शिविर कल

**जोधपुर ।** जिला स्तरीय नागरिकता शिविर 29 नवंबर, शुक्रवार को डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित किया जाएगा।जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि 29 नवंबर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय नागरिकता शिविर से पूर्व 27 एवं 28 नवंबर को सूचना केंद्र जोधपुर स्थित पाक विस्थापित नागरिकता शाखा में नागरिकता संबंधी आवेदनों में बकाया दस्तावेजों की पूर्ति, त्रुटि सुधार के संबंधी कार्य संपादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में नागरिकता प्रमाण पत्र वितरित किए जायेंगे।

### करंट लगने से कृषक की मौत

जोधपुर, । निकटवर्ती मथानिया स्थित रिणिया गांव में खेत में काम करते करंट लगने से एक कृषक की मौत हो गई। उसे घायलावस्था में ओसियां अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने चैक कर मृत बता दिया। इस बारे में मृतक के पुत्र की तरफ से पुलिस में मर्ग की रिपोर्ट दी गई है।मथानिया पुलिस ने बताया कि रिणिया गांव में 55 वर्षीय कानाराम पुत्र पेमाराम जाट खेत में काम कर रहा था। तब बिजली की डीपी के पास से निकल रही तान से वह करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। उसे तत्काल ओसियां अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके पुत्र मुकेश जाट की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई है।

### पेंशन का वार्षिक सत्यापन शुरू

**बालोतरा,** (निसं)। हर वर्ष नवंबर एवं दिसंबर माह में वृद्धावस्था, एकलनारी एवं विशेष योग्यजन पेंशन का वार्षिक सत्यापन किया जाना अनिवार्य हैं। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी घेवरचन्द प्रजापत ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु वार्षिक सत्यापन के लिए पोर्टल पर ऑप्शन शुरू हो गया है। उन्होंने सभी पेंशनधारियों को अपने नजदीकी ई मित्र से जनाधार नंबर देकर सत्यापन करवाने की अपील करते हुए कहा कि समय पर पेंशन का वार्षिक सत्यापन करवाए। 31 दिसंबर 2024 तक सत्यापन नहीं करवाने पर जनवरी 2025 से पेंशन का भुगतान नहीं होगा।

### स्वराज अभियान प्रशिक्षण आयोजित

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर पंचायत समिति के सभागार में विकास अधिकारी हेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय राष्टीय ग्राम स्वराज अभियान प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, प्रशिक्षण में ई फाइलिंग हेतु सामान्य प्रशिक्षण, लेखा संधारण एवं रिकार्ड कीपिंग, जी पी डी पी, सहित पंचायती राज के विभिन्न पोर्टलों का प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण में अतिरिक्त विकास अधिकारी भरत सिंह, हरीश सोनी, लेखा सहायक चेतन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी अरविंद मालवीय, कनिष्ठ सहायक सहदेव चौधरी, अर्जुन सिंह, हरीश दवे, सरपंच कृष्ण पाल सिंह, जेताराम चौधरी, राधा देवी प्रजापत, मसरू देवी कोली सहित ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी लाल, प्रकाश देवासी, राजकुमार, पवन ओसवाल, संजू चौधरी, कविता शर्मा, रतन दीप, हनुमान राम सहित सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत पाटोदी में रात्रि चौपाल

**बालोतरा,** (निसं)। पाटोदी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पाटोदी में गुरुवार, 28 नवंबर को जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव रात्रि चौपाल करेंगे।अतिरिक्त जिला कलैक्टर अशोक कुमार ने बताया कि गुरुवार, 28 नवंबर को शाम 6 बजे जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में पाटोदी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पाटोदी में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को रात्रि चौपाल में निर्धारित समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों के बनाए जीवित प्रमाण पत्र

जोधपुर, (कासं)। भारत सरकार के उपक्रम कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग तथा रेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में मंडल चिकित्सालय परिसर में तीन दिवसीय कैंप आज से शुरू हुआ। इसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवित प्रमाण पत्र बनाए गए।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विकास खेड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय कैंप में पेंशनर्स को आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की प्रति, बैंक खाता पासबुक और नवीनतम की प्रति संलग्न करने होंगे।

### भाजपा संगठन पर्व की बैठक कल

**जैसलमेर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व की विशेष जिला बैठक कल 29 नवम्बर शुक्रवार को दोपहर 2 बजे भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित होगी जिसमे नोखा के पूर्व विधायक एवं जिला संगठन के जिला चुनाव अधिकारी बिहारीलाल विश्नोई का मार्गदर्शन रहेगा। जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सारदा ने बताया कि बैठक में सभी मण्डल अध्यक्ष, संगठन पर्व चुनाव से संबंधित सभी प्रभारी, सह प्रभारी, सदस्यता अभियान के टीम सदस्य, मोर्चाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, पंचायत एवं निकाय जन प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहेंगे।

### जोधपुर पहुंची सारा अली खां

**जोधपुर,** । फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान आज जोधपुर पहुंची। उम्मेद भवन पैलेस में कानपुर के बिजनेसमैन की शादी में फिल्मी हस्तियां जोधपुर पहुंच रही है।इस आयोजन में हिस्सा लेने फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान आज जोधपुर पहुंची। म्यूजिक डायरेक्टर विशाल शेखर भी मुंबई से जोधपुर आएंगे। वहीं गुरुवार को सिंगर सनम पुरी जोधपुर आएंगे। जानकारी के अनुसार मंगलवार से गुप्ता फैमेली में शादी की रस्में शुरू हो गई। मंगलवार को सिंगर आस्था गिल पहुंची थी। आज सारा अली और विशाल शेखर जोधपुर में रहेंगे।

# भारत का संविधान पूरे विश्व में सबसे खूबसूरत संविधान : हारून

**जालोर,** (कासं)। संविधान दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून ने कहा कि भारत का संविधान विश्व में सबसे बेहतर संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार ही देश की सभी संस्थाएं चल रही है, संविधान के अनुरूप ही आप और हम यहां नौकरी कर रहे है, उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिकार हमें संविधान ने दिया है, कि जाति लिंग, धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं कर सकता। इस दौरान उन्होंने संविधान दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस अवसर पर पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश भुपेंद्र कुमार सनाढ्य, एससीएसटी कोर्ट के न्यायाधीश परवेज अहमद, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेश कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अहसान अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रिया टांवरी, एसीजेएम संख्या 1 चारण आशा, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट गजेंद्र कुमार, जेएम दिव्या गोदारा, सहित बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सहित विभिन्न न्यायालयों के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।



जालोर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को जिला न्यायाधीश हारुन ने सम्बोधित किया ।

- संविधान दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया

इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आशापूर्णा विधि महाविद्यालय में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने संविधान के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि डॉ बीआर अंबेडकर व संविधान निर्मात्री सभा की ओर से निर्मित संविधान में को बनाने के दौरान हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। हमारा संविधान कठोर भी है और लचीला भी है।

इस दौरान उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों और चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पीडति प्रतिकर योजना, निशुल्क विधिक सहायता योजना, अधिकार मित्रों की ओर से किए जाने वाले कार्यों, एलएसडीसी कार्यालय की ओर से किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस दौरान एलएडीसी असिस्टेंट खुशवंतसिंह ने भी संविधान दिवस व संविधान के विभिन्न आर्टिकलों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान एलएडीसी असिस्टेंट आमना तब्स्सुम ने भी संविधान की विशेषताओं के बारे में एवं संविधान दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान अधिवक्ता डॉ प्रभूसिंह ने आभार जताया। इस दौरान व्याख्याता डॉ हितेष आशिया व द्वितीय वर्ष की छात्रा विलास पारंगी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान देवीलाल, प्रशांत रामावत के अलावा राजसुगम संस्थान की सचिव रविना कुमारी सहित कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

## गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर,**(कासं.)। राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर स्थित अकादमी संकुल में मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डा.खेमचंद गोकलानी ने की। गोष्ठी में सिंधी कल्चरल सोसायटी जोधपुर के संस्थापक,वरिष्ठ रंगकर्मी एवं साहित्यकार हरीश देवनानी ने 'सिन्धी नाटक-कल्ह, अजु ऐं सुभाणे' विषयक आलेख प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि आजकल सिन्धी बोलने और समझने वालों की संख्या में कमी हो रही है, जिसका असर सिन्धी नाटकों पर भी पडा है। फलस्वरूप जीवंतता की बजाय रिकार्डेड सिन्धी नाटक मंचित हो रहे हैं। इसलिये माताओं को प्राथमिकता से अपने बच्चों से सिन्धी में वार्तालाप करनी चाहिये। इससे सिन्धी नाटकों का भविष्य संवर सकता है।गोष्ठी में साहित्यकार गजेन्द्र रिझवानी ने अपनी नवीन कहानी 'ब किरदार' की सुन्दर प्रस्तुति दी। डा.रूपा मंगलानी ने 'महात्मा गांधीअ जो अहिंसा जो सिद्वान्त' विषयक आलेख में बताया कि महात्मा गांधी ने अहिंसा को अपने जीवन में उतारा। उन्होंने केवल मानव की मानव के प्रति नहीं बल्कि सभी जीवों/प्राणियों के प्रति सद्भावना को बढाया साथ ही उन्होंने 'अहिंसा' पर स्वरचित कविता भी सुनाई। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार डा.माला कैलाश, पूजा चंदवानी, नन्दिनी पंजवानी, रोमा चांदवानी, समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## नील गाय को बचाने के प्रयास में बस दुर्घटनाग्रस्त हुई

**जोधपुर ।** शहर के निकटवर्ती लूणी तहसील के दूदिया- भाचरना गांव की सरहद में निजी अस्पताल की एक बस नील गाय को बचाने के चक्कर में सडक़ से नीचे उतर गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बस में सवार निजी अस्पताल का कंपाउण्डर जख्मी हो गया। यह लोग मंगलवार को अस्पताल द्वारा आयोजित आंखों के कैंप से आज लौट रहे थे। बस में तकरीबन 15-16 लोग सवार थे। बाद में अस्पताल की दूसरी बस बुलाकर उन्हें रवाना किया गया।लूणी थाने के एएसआई पप्पाराम ने बताया कि बाड़मेर के देशीपुरा गांव के कुछ लोग जोधपुर में एक निजी अस्पताल में आंखों के कैंप में इलाज के लिए मंगलवार को आए हुए थे। अस्पताल की तरफ से कल एक कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें 15-16 लोगों को रजिस्टर्ड किया गया था। आज सुबह अस्पताल की बस में ही सवार होकर यह लोग वापिस बाड़मेर अपने गांव देशीपुरा जा रहे थे। बस का चालक सूरसागर निवासी हिम्मत सिंह अपने मालिक की गाड़ी लेकर उन्हें रवाना हुआ था। मगर यह बस जब दूदिया- भाचरनाा गांव की सरहद में पहुंची तब सामने अचानक से नील गाय आ गई और बस अनियंत्रित होकर सडक़ से उतरकर तारबंदी से टकरा कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।एएसआई पप्पाराम के अनुसार बस में अस्पताल का कंपाउण्डर धीरज भी था जोकि जख्मी हो गया।

## संगोष्ठी का आयोजन

**आहोर,**(निसं)। ह्यूमन रिचर्स डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से गुडा बालोतान के रेणु विहार में संविधान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्यामसुंदर गर्ग, विधायक छगनसिंह राजपुरोहित एवं संगठन अध्यक्ष भीखाराम डांगी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इसके बाद विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, मोहनलाल राठौड, प्रधानाचार्य एवं ललित खत्री , ने संविधान दिवस पर डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों एवं अवधारणाओं को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता श्यामसुंदर सोलंकी ने संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए संविधान की रूपरेखा, प्रस्तावना, अधिकार, एवं कर्तव्यों पर विस्तार से जानकारी दी।

## बैग लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**पाली ,( निसं )।**पाली में एक 26 साल की युवती अपने भाई के साथ बस में चढ़ते समय दो बैग बस डिपो पर ही भूल गई। बैग में केश, चांदी के गहने और करीब 30 हजार रुपए की दवाइयां थी। लावारिस हालत में मिले बैग को व्यापारी ने युवती को वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया।

दरअसल, बिलाड़ा निवासी 25 साल की ज्योति पत्नी दीपाराम प्रजापत 21 नवंबर को पाली बस डिपो से बिलाड़ा जाने के लिए बस का इन्तजार कर रही थी। उसके साथ उसका भाई था। जिसे उसने दोनों बड़े बैग बस की डिग्गी में रखने के लिए कहा लेकिन वह भूल गया। इतने में बस आ गई और दोनों भाई-बहन उसमें चढ़ गए। बिलाड़ा उतरने पर दोनों बड़े बैग उन्हें नहीं मिले तो माजरा समझ में आ गया कि वे पाली

- बस में चढ़ते समय युवती दो बैग बस डिपो पर भूली, व्यापारी ने लौटाए

बस डिपो पर ही बैग भूल गए है। ऐसे में उन्होंने बिलाड़ा थाने में इसकी शिकायत दर्ज करवाई।

इधर, 21 नवंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे पाली के नहर पुलिया स्थित बस डिपो पर दो बैग लावारिस हालत में पड़े देख बस डिपो के सामने रहने वाले भंवर चौधरी ने अपनी किराने की दुकान पर रखवाए और इन्तजार किया कि कोई उसे लेने आ रहा है या नहीं। दो दिन तक किसी तरह का कॉल नहीं आया तो उन्होंने बैग खंगाला। उसमें एक ज्वेलरी बिल मिला। जिस पर लिखे दुकानदार के नंबर पर कॉल कर उन्हें बताया कि उन्हें दो बैग मिले है। जो उन्होंने सुरक्षित रखवा लिए है और बैग मालिक तक यह बात पहुंचाने को बोला।यह बात जब बैग मालिक ज्योति प्रजापत तक पहुंची तो वह बुधवार को अपने भाई के साथ बिलाड़ा से पाली पहुंची और भंवर चौधरी से दोनों बैग लेकर उन्हें धन्यवाद दिया।बैग थे रुपए, गहने और दवाई युवती ज्योति ने बताया कि वह पाली अपनी और मां के लिए दवाई लेने आई थी। बैग में कपड़े, करीब 30 हजार की दवाई, 3 हजार केश, चांदी के कुछ गहने, फोन थे। बैग मिलने पर ज्योति काफी खुश नजर आई और बोली कि उन्होंने तो सोचा ही नहीं था कि बैग वापस मिलेगा।

## विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविरों का हो रहा आयोजन

**जालोर,** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार घुमन्तु समुदाय के विकास के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे-वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आवासविहिन व्यक्तियों को नि:शुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास निर्माण स्वीकृति, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना यथा-पालनहार, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं में पात्र घुमन्तु समुदाय को जोड़े जाने के लिए 27 नवम्बर से 15 दिसम्बर, 2024 तक प्रत्येक पंचायत समिति में ग्राम पंचायतों के कलस्टर एवं नगरीय निकायों में शहरी वार्डों के कलस्टर बनाकर शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं।

नगर परिषद जालोर द्वारा 27 नवम्बर को रा.उ.प्रा.वि. मालनाथ की ढाणी में विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तु सहायता शिविर का आयोजन किया गया तथा 28 नवम्बर को लाल पोल के अंदर नगर परिषद के सामुदायिक भवन में तथा 12 दिसम्बर नगर परिषद सभागार जालोर में प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे शिविर का आयोजन किया जायेगा। वही नगर पालिका आहोर में 27 से 29 नवम्बर, 2 से 6 दिसम्बर तथा 9 से 13 दिसम्बर तक नगर परिषद हॉल आहोर में घुमन्तु सहायतार्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें घुमन्तु समुदाय के वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आवासविहिन व्यक्तियों को नि:शुल्क भूमि आवंटन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास निर्माण स्वीकृत, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना यथा-पालनहार, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं से पात्रतानुसार जोड़ा जायेगा।

नगर पालिका भीनमाल में वार्ड नं. 31, 32, 33, 34 व 35 के लिए 2 दिसम्बर को, वार्ड नं. 11, 12, 13, 14 व 15 के लिए 3 दिसम्बर को, वार्ड नं. 1, 2, 3, 4 व 5 के लिए 4 दिसम्बर को, वार्ड नं. 26, 27, 28, 29 व 30 के लिए 5 दिसम्बर को, वार्ड नं. 21, 22, 23, 24 व 25 के लिए 6 दिसम्बर को, वार्ड नं. 6, 7, 8, 9 व 10 के लिए 9 दिसम्बर को, वार्ड नं. 36, 37, 38, 39 व 40 के लिए 10 दिसम्बर को तथा वार्ड नं. 16, 17, 18, 19 व 20 के लिए 11 दिसम्बर को नगर पालिका परिसर भीनमाल में घुमन्तु सहायतार्थ शिविरों का आयोजन किया जायेगा। आहोर पंचायत समिति क्षेत्र में 2 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र भाद्राजून में भोरड़ा, बांकली, रामा, घाणा, भाद्राजून, नोरवा, निम्बला व चुण्डा, 4 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र नोसरा में आईपुरा, वेडिया, सुगालिया जोधा, शंखवाली, भंवरानी, बाला, बावड़ी व रायथल, 6 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र चरली में चरली, भैंसवाड़ा, काम्बा, अजीतपुरा, गुड़ा बालोतान, दयालपुरा व अगवरी, 10 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र उम्मेदपुर में हरजी, चवरछा, उम्मेदपुर, डोडियाली, थांवला, सेदरिया बालोतान व पावटा, 11 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र चांदराई में चांदराई, बिड़्ड़ा, पादरली, पांचोटा, कवराड़ा, कंवला, भूति, वलदरा व रोडला, 13 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र गोदन में गोदन, सांकरणा, बादनवाड़ी, देवकी व सामुजा तथा 14 दिसम्बर को अटल सेवा केन्द्र देबावास में ऊण, देबावास, देचु व ओडवाड़ा ग्राम पंचायत के घुमन्तु सहायतार्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

**बालोतरा,** (निसं)। भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने के लिए प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं पर आधारित विकसित भारत @ 2047 दो दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिवाना मे केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार,सिरोही द्वारा आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रधान मुकुन सिंह राजपुरोहित, बीसीएमओ जगत नारायण , सीबीईओ हनुमान राम, भीमाराम , अधिशासी अधिकारी महिपाल प्रधानाचार्य नरसाराम बांरड, यु.सीई.ई.ओ सांवलाराम ने फीता काटकर तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

इस अवसर पर प्रधान मुकुंद सिंह राजपुरोहित ने ग्रामीणों से कहा कि प्रदर्शनी से प्राप्त जानकारी को आगे तक पहुंचाएं जिससे योजनाओ की जानकारी आमजन तक पहुंच सके और योजनाओं से लाभान्वित हो सके।पुरोहित ने प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प के बारे में जानकारी प्रदान की। बीसीएमओ जगत नारायण स्वामी ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित स्वास्थ्य योजनाओ पर जानकारी प्रदान की।।डीपीओ भीमाराम बारूपाल ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं विभागीय योजनाओं पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## सौ करोड़ रुपए आने की आस में बैठी है जालौर-सिरोही की जनता

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के द्वारा जालौर सिरोही की जनता के करीबन एक सौ करोड रुपए ले जाने के बाद से क्षेत्र में जनता की आर्थिक स्थिति पतली हो चुकी है एवं ग्रामीण जन अपना पैसा वापस आने की आस लगाकर बैठे हैं तो कई ग्राहक पैसे आने का ख्वाब मन में लेकर परलोक सिधार गए लेकिन करीबन 7 वर्ष के समय के बावजूद आज दिन तक इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं दिख रहा एवं जनता आज भी पैसा आने का इंतजार कर रही है। जानकारी के अनुसार आदर्श कोऑपरेटिव सोसाइटी में उपखंड क्षेत्र का करीबन 45 करोड रुपए एवं सिरोही जिले का करीबन 700 करोड व सिरोही जालौर का मिलाकर करीबन 1000 करोड रूपया फंसा हुआ पडा है एवं कई परिवार अपने पसीने की कमाई को इस सोसाइटी में आगामी भविष्य को लेकर निवेश कर चुके थे जो कि आज बर्बादी के कगार पर पहुंचे हुए हैं परंतु सोसाइटी में फंसा हुआ पैसा जनता को नहीं मिल पा रहा है आदर्श सोसाइटी के घोटाले में काफी लोगों का हाथ रहा लेकिन समिति के पास में आज भी बेनामी संपत्ति बहुत है जानकार सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार मात्र सिरोही जिले में 168 संपत्ति इस समिति के नाम है एवं मंडार कस्बे में भी दो संपत्ति इस समिति के अधीन पडी हुई है लेकिन इन संपत्तियों को बेचने का अभी तक कोई आदेश नहीं होने पर यह संपत्ति पडी हुई है सरकार के द्वारा यदि इस और कोई कदम उठाकर न्यायालय के मार्फत इस जमीन को नीलाम करवाने का आदेश लाया जाता है एवं सरकार इस संपत्ति को अपने कब्जे में लेकर बेचती है तो जनता के बकाया रुपयो से दो गुनी राशि सरकार के पास जमा हो सकती है लेकिन सरकार के द्वारा भी विशेष पैरवी नहीं की जा रही है। पूर्व सांसद वर्तमान सांसद एवं पूर्व सिरोही विधायक भी दे चुके आश्वासन:- आदर्श सोसाइटी में फंसे रुपयों को लेकर राजनीति क्षेत्र में भी काफी गरमा गरमी चलती रही एवं तत्कालीन सांसद देवजी पटेल ने इसे अपना चुनावी मुद्दा भी बनाया था एवं समिति का पैसा किसी भी हालत में लाने का वादा किया था लेकिन उनके द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर मंत्रियों के साथ मुलाकात के फोटो वायरल हुई लेकिन 5 साल के अंतराल में कोई भी सफलता उनके द्वारा नहीं दे पाई गई वही तत्कालीन सिरोही विधायक संयम लोढा ने भी इस मामले को लेकर जनता के साथ वादा किया था परंतु उनके द्वारा भी कोशिश करने के बावजूद कोई सफलता नहीं मिली वहीं वर्तमान सांसद लुंबाराम चौधरी ने चुनावों के दौरान जनता से मुलाकात के दौरान जनता को आदर्श सोसाइटी का पैसा वापस दिलाने का भरोसा दिलाया था ।

## शिविर का हुआ सफल आयोजन

**जैसलमेर ।** सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गो के सामाजिक शैक्षिणिक एंव आर्थिक विकास के लिये घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु) को सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु सहायता शिविर का आयोजन पंचायत समिति जैसलमेर परिसर में आयोजित किया गया। कुंपसिंह राठौड़ सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग जैसलमेर ने बताया कि इन शिविरों में घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्धर्घुमन्तु) के लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं यथा वोटर आईडी, जनाधार, राशनकार्ड, आधार, जाति-मूलनिवास प्रमाण पत्र, घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र, आवासहीन व्यक्तियों को नि:शुल्क भूमि आंवटन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना पालनहार, वृद्धावस्था पेंशन आदि से लाभान्वित किया जाना है।

## जोधपुर पोलो 2024 की रंगारंग शुरुआत

**जोधपुर,** (कासं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, एयरफोर्स रोड, पाबूपुरा में 25वें जोधपुर पोलो सीजन की रंगारंग शुरुआत हुई। पहले दिन आउट ऑफ दी हेड (लो गोल) टूर्नामेंट की शुरुआत

- मेहरानगढ व सरदारसमंद टीमों के बीच हुआ कांटे का मुकाबला मेहरानगढ ने एक गोल के अन्तर से जीता

हुई जिसमें मेहरानगढ व सरदारसमंद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें मेहरानगढ ने एक गोल से जीत दर्ज की। मैच के दौरान 1 मैक आईएनएफ वन मद्रास बैण्ड 'पाईप बैण्ड' भी मैदान में उपस्थित था, जिसमें मैच से पूर्व व मैच



पाबूपुरा में 25वें जोधपुर पोलो सीजन की रंगारंग शुरुआत हुई।

के मध्य अपनी मधुर धुनों से उपस्थित दर्शकों का खासा मनोरंजन किया। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे खेले गये टूर्नामेंट के पहले मैच में महरानगढ टीम के धनन्जयसिंह राठौड व निखिलेन्द्रसिंह राठौड ने खेल का प्रदर्शन किया। धनन्जय ने 6 व निखिलेन्द्र ने चार गोल किए। धनन्जय ने पहले चक्कर में एक, तीसरे चक्कर में दो व चैथे चक्कर में तीन गोल कर विपक्षी टीम पर दबदबा बनाए रखा। निखिलेन्द्र ने प्रत्येक चक्कर में एक-एक कुल 4 गोल किए। मुकाबले में सरदारसंमद टीम के विश्वराजसिंह ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले चक्कर में 3 व चौथे चक्कर में 2 गोल व साथी खिलाडी पेपसिंह भलासरिया ने पहले चक्कर में एक व दूसरे चक्कर में दो व देववत्तसिंह राणावत ने पहले चक्कर में एक गोल किया। मैच के अम्पायर योगेश्वरसिंह भांवरी थे व कॉमेंट्री अंकुर मिश्रा ने की।

**सम्मन बनाम मुददायलाह बिनावर कायमी तनकीहात**
(ऑर्डर रुल 1 व 5 दीवानी)
अज अदालत..... सहायक जिलाधीश,सिरोही ।
ब-इजलास..... श्री हरिसिंह देवल (RJS)
मुदई....अनोप मंडल सेवा संस्थान....मुदायलाह ......गणेशराम व अन्य ।
दावा बाबत खातेदारी घोषणा व प्राप्त करने स्थाई निषेधाज्ञा
राजस्व वाद संख्या : 52/2022
मुसम्मी -
3/2/1 प्रकाश पुत्र बाबुलालजी जाति सुथार ,निवासी : सिरोही, जिला सिरोही । 3/2/2 गोपाल पुत्र बाबुलालजी जाति सुथार निवासी : सिरोही जिला सिरोही । 3/2/3 थानमल पुत्र बाबुलालजी जाति सुथार निवासी : सिरोही , जिला सिरोही । 5/1/3 प्यारी पत्नि अमृतजी पुत्री बाबुलालजी जाति सुथार निवासी : मोहब्बतनगर । 5/1/4 उषा पत्नि रमेशकुमार पुत्री बाबुलालजी जाति सुथार निवासी : वराडा, राज.। 4/5 कविता पत्नि प्रविणजी पुत्री हंसारामजी जाति सुथार निवासी घॉचीवाडा , सिरोही । 4/6 सुकी पत्नि डायालाल पुत्री हंसारामजी जाति सुथार निवासी वीरवाडा । हरगाह कि......वादीगण ...... ने आपके खिलाफ एक दावा वास्ते शहर सिरोही में स्थित अनोपदास जी बगीची , जो सिरोही के खंसरा संख्या 1411 व 1412, जिसके पुराने खसरा संख्या 1115, 1116 में स्थित है, के खातेदारी की घोषणा मे स्थाई निषेधाज्ञा प्राप्त करने हेतु वाद प्रस्तुत किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिए तारीख 03 माह 01 सन 2025 को दिन 10.00 बजे अदालत हाजा में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकददमे से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबिक जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्स हो जो सवाल का जवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप जवाबदेही का ताईन में इस्तेमाल करना चाहता हो, उस दिन पेश करो । आगाह रहो। कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुए तो दावा आपको गैर हजारी में सुना व फैसला किया जायेगा। बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज दिनांक 27 माह 11 सन 2024 को जारी किया गया।
रीडर
(मोहर) न्यायालय उपखण्ड अधिकारी / सहायक कलेक्टर सिरोही